Registration No. : MSCS/CR/1384/2022 Dt. 21-12-2022
RBI Licence No. : UBD U.P. 1277 P Dt. 02.09.96
GSTIN : 09AAAJU0088Q2ZB

# URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD. BAREILLY

(A MULTISTATE CO-OPERATIVE BANK)

Head Office : Block "A" Deen Dayal Puram, Pilibhit Road, Bareilly - 243 122

Ref. No........................ Date...19.8.2026...

## निविदा सूचना

बैंक की शाखा पीलीभीत के आंतरिक निर्माण तथा फर्नीशिंग कार्यों हेतु अधोलिखित कार्यों का अनुभव रखने वाली पंजीकृत फर्मों से Two Bid पद्धति से दिनांक 03.09.2026 के अपराह्न 1:30 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दिनांक 03.09.2026 को ही अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष बैंक की निविदा/क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।निविदा फॉर्म दिनांक 02.09.2026 तक बैंक की शाखा सी०बी० गंज(डी डी पुरम)तथा पीलीभीत पर ₹-500/- + जी.एस.टी. जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। **कार्य की** मात्रा को घटाने/बढ़ाने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी को होगा| न्यूनतम मूल्य के निविदा दाता को कार्य देश की तिथि से 3(तीन) सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण करना होगा| टेंडर के साथ रु०-50000/-धरोहर राशि, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट तथा पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा टेंडर पर विचार नहीं किया जाएगा 10% जमानत की राशि की कटौती प्रथम बिल से की जाएगी| जिसकी वापसी कार्य पूर्ण होने के 6 माह के पश्चात हो सकेगी ।

| A | INTERIOR FURNISHING WORKS | Amount |
|---|---|---|
| I | TOTAL FOR CARPENTARY WORKS ( Manager Table , Officer Table , Cash Counter , Work Counter , Cheque Dop Box , ACP Cladding , Pin Up Board , Customer Desk , Cabinet , Electrical Cabinet , Alluminium Grill , Partition , ATM Partition , Panelling ) | 4,59,375.00 |
| II | TOTAL FOR DOORS | 89,100.00 |
| V | TOTAL FOR FALSE CEILING & P.O.P WORKS | 1,14,250.00 |
| VI | TOTAL FOR PAINTING | 45,228.00 |
| VII | TOTAL FOR ELECTRICAL | 3,46,900.00 |
| VIII | TOTAL FOR NETWORKING | 32,800.00 |
| | **GRAND TOTAL** | **10,87,653.00** |

विस्तृत जानकारी के लिए टेन्डर फार्म के साथ सलग्न नियम व शर्ते जो बैंक की वेबसाइट www.ucblb.bank.in पर उपलब्ध हैं,को ध्यान पूर्वक पढ़े|

प्रबंधनिदेशक/मु०कार्य०अधि०

Telefax : 0581-2311340, Mobile : 98978-66225 E-mail : gm_ucb@yahoo.co.in, Visit us : www.ucblb.org

नियम व शर्तें:

1. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि (Earnest Money) रु० 50,000/- का डिमांड ड्राफ्ट ("अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि० बरेली" के पक्ष में) अथवा नकद राशि के रूप में जमा की जायेगी। निविदा स्वीकृति की दशा में इसका समायोजन जमानत राशि (Retention Money) में कर लिया जाएगा।
2. जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत होगी, उसके कार्य संबंधी प्रथम बिल से कुल स्वीकृत टेंडर राशि के 10% की राशि जमानत (Retention Money) के रूप में काटी जायेगी, जो अंतिम भुगतान (Final Payment) के छः माह बाद कार्य संतुष्टि के उपरान्त निविदादाता को वापस की जायेगी।
3. स्वीकृत निविदा में इंगित समस्त कार्य, कार्यादेश की तिथि से तीन सप्ताह के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। किसी कारणवश यदि कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण नहीं होता है तो कार्य करने वाली फर्म की प्रार्थना पर अधिकतम 15 दिन का extention दिया जा सकता है तथा 36 दिन से अधिक का विलम्ब होने की दशा में निविदा राशि के 1% के बराबर प्रति दिन अथवा कुल लागत की अधिकतम 10% की कटौती की जायेगी। निर्धारित तीन सप्ताह में कार्य पूर्ण करने पर Retention Money की 30% राशि अवमुक्त की जा सकती है।
4. कार्य संबंधी बिलों का भुगतान टेंडर में अंकित दरों पर ही किया जाएगा, जिसका बाज़ार भाव के उतार चढ़ाव से कोई सम्बन्ध नहीं होगा।
5. निविदादाता द्वारा निविदा की राशि जी.एस.टी. सहित दी जायेगी, जिसमें निविदा की राशि तथा जी.एस.टी की राशि अलग-अलग प्रदर्शित की जायेंगी।
6. निविदा में निर्धारित ब्रांड/मानक की सामग्री कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व ही मंगाकर बैंक परिसर में रखी जायेगी जिसका परीक्षण शाखा प्रबंधक/बैंक प्रबंधन/बैंक आर्कीटेक्ट द्वारा किया जाएगा। उसके बाद ही निर्माण सामग्री प्रयोग में लायी जायेगी।
7. समस्त प्रकार का भुगतान शाखा प्रबंधक/बैंक प्रबंधन/बैंक आर्कीटेक्ट द्वारा परीक्षण करने व संतुष्टि के उपरान्त नियमानुसार टी.डी.एस. तथा 10% रिटेंशन मनी की कटौती करते हुए निम्नानुसार किया जाएगा :
   (i) इंटीरियर (कारपेंट्री) का 60% कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इस मद में आवंटित धनराशि का 60% का भुगतान किया जा सकेगा। शेष 40% धनराशि का भुगतान Final Payment के समय किया जाएगा।
   (ii) इलेक्ट्रिकल वर्क्स एवं आई.टी.केबलिंग (Networking) आदि का 60% कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इस मद में आवंटित धनराशि का 60% का भुगतान किया जा सकेगा। शेष 40% धनराशि का भुगतान Final Payment के समय किया जाएगा।
   (iii) कार्य संबंधी बिलों का भुगतान मौके पर कार्य के मेज़रमेंट एवं टेंडर में दी गयी दरों के आधार पर बैंक आर्किटेक्ट द्वारा निरीक्षण करने तथा बिलों का सत्यापन करने के उपरान्त शाखा प्रबंधक की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा
8. Technical Bid में पायी गयी पात्र फर्मों की ही Financial Bid खोली जायेंगीं –
9. ऐसी फर्म जिसके प्रोपराइटर/पार्टनर आर्कीटेक्ट या सिविल इंजिनियर डिग्री धारक हैं, को Technical Bid में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

Accepted

Signature & Seal